NCERT SOLUTIONS

CLASS - 7th

aglasem.com

Class : 7th

Subject : हिन्दी

Chapter : 6

Chapter Name : गारो

Q1. पढ़ो और समझो

जन + जाति = जनजाति
शांति + प्रिय = शांतिप्रिय
महा + पुरुष = महापुरुष
मित्रता + पूर्ण = मित्रतापूर्ण

Answer: यहां पर दो शब्दों को जोड़कर एक शब्द बनाया गया है।

Page : 32, Block Name: पढ़ो और समझो

Q2. पाठ सम्बन्धी प्रश्न

(क) पाठ के आधार पर गारो जनजाति के बारे में कुछ पंक्तियाँ लिखो।

(ख) गारो लोग एक स्थान पर क्यों बस जाना चाहते थे?

(ग) जा पा जलिन पा और सुक पा बुंगि पा का नाम आदर से क्यों लिया जाता है?

Answer:
(क)गारो जनजाति मेघालय की एक प्रमुख जनजाति है। प्राचीन समय में यह जनजाति खानाबदोश जीवन बिताती थी। यह जनजाति हजारों सालों से इधर-उधर भटकते हुए मेघालय में आ बसी, ये लोग शांतिप्रिय एवं प्रकृति प्रेमी होते हैं। अपने महापुरुष जा पा जलिन पा एंव सुक पा बुंगि पा पर यह लोग अपार श्रद्धा रखते हैं।

(ख)गारो लोग भोजन की तलाश में यहाँ से वहाँ भटकते रहते थे जिससे इन्हें मौसम एवं जंगली जानवरों का सामना करना पड़ता था। इसलिए ही अपने खानाबदोश जीवन से परेषान होकर ये लोग एक जगह बस जाना चाहते थे।

aglasem.com

(ग) जा पा जलिन और सक पा बुंगि पा ने गारो लोगों को मेघालय जैसे सुंदर प्राकृतिक स्थल में बसाया जिससे इनके खानाबदोश जीवन का अंत हो गया। इससिए ही ये लोग जा पा जलिन और सुक पा बुंगि पा का नाम आदर से लेते हैं।

Page : 32, Block Name : पाठ सम्बन्धी प्रश्न

Q3.सोचो और जवाब दो

(क) जंगलों से हमें कौन-कौन सी चीज़ें प्राप्त होती हैं?

(ख) गारो पहाड़ किस प्रदेश में हैं? मानचित्र पर उस प्रदेश का नाम लिखो।

Answer:

(क) जंगलों से हमें कंद-मूल, फल-फूल, औषधियाँ, लकड़ियाँ इत्यादि प्राप्त होते हैं।

(ख) गारो पहाड़ मेघालय में स्थित है।

Page : 32, Block Name : सोचो और जवाब दो

Q4.कुछ यह भी करो

(क)अपने प्रदेश या किसी अन्य राज्य की किसी जनजाति के बारे में पता करो।
उसके बारे में अपनी कक्षा में बताओ।

(ख)यह पाठ एक लोककथा पर आधारित है। अगर तुमने भी कभी कोई लोककथा सुनी है तो लोककथा और सामान्य कहानी के बारे में अपनी कक्षा में चर्चा करो।

(ग) गारो लोगों ने बहुत लंबी यात्रा की थी। यदि तुमने भी कोई लंभी यात्रा की हो तो अपनी यात्रा के बारे में लिखो।

Answer:

(क) बंजारा एक जनजाति है। इस समाज के लोगों का कोई ठिकाना नहीं होता। यह लोग पूरी जिंदगी इधर उधर घूमते रहते हैं। किसी स्थान से इन लोगों का कोई लगाव नहीं होता। सदियों से यह लोग दूर-दराज़ इलाकों में निडर होकर यात्राएं करते हैं। इन लोगों की कुछ विशेषताएँ होती हैं। जैसे- संगीत, गोदना और चित्रकारी।

(ख) लोककथाओं और सामान्य कहानी में अंतर है। लोककथाएं किसी समाज विशेष पर आधारित होती हैं।ऐसे कई जनजातियाँ होती हैं। जैसे-भील, बंजारा, पटेली, गड्डी, कनौरा आदि। इन सभी जनजातियों का रहन-सहन, खान-पान एक दूसरे से बिल्कुल अलग होता है। सामान्य जातियों का रहन-सहन इनसे बिल्कुल

aglasem.com

अलग होता है। यह लोग अपनी जनजाति में ही व्यस्त रहते हैं और किसी से मतलब नहीं रखते जबकि सामान्य जातियोँ में ऐसा नहीं होता है।

(ग) एक बार मैं अपने परिवार के सभी लोगों के साथ दिल्ली और आगरा गए थे। हम लोग भोपाल से दिल्ली की ट्रेन से गए थे। ट्रेन सुबह 8 बजे आ गई थी जो हमें दोपहर 3 बजे दिल्ली पहुंचाने वाली थी। सब लोग दिल्ली के स्टेशन के बाहर कार में बैठ कर घूमने के लिए निकल गए। कार में हम लोग मस्ती करते हुए, जगह-जगह रुककर फोटो खींचते हुए पहुंचे। हम लोगों को दिल्ली घूमते हुए करीब 11 बज गए थे। होटल में जैसे ही पहुंचे सबसे पहले खाना खाया।सभी बड़े लोग थक गए थे इसलिए वो सो गए थे।हम बच्चों को खुशी व उत्सुकता के चलते नींद नहीं आ रही थी। हम लोग होटल के गॉर्डन में टहलने चले गए। रात के करीब 1 बज रहे होंगे। चारों तरफ अंधेरा और गार्डन पर टिमटिमाती लाइटें बहुत सुंदर लग रही थी। थोड़ी देर में हम लोग जाकर सो गए और फिर सुबह घूमने के लिए तैयार हो गए और आगरा के लिए निकल गए। यह यात्रा मेरे लिए आज भी यादगार है।

Page : 32, Block Name: कुछ यह भी करो

Q5.बार- बार बोलो

वर्षों तक इस प्रकार यात्रा होती रही।

वर्षों तक इस प्रकार यात्रा होती ही रही।

नीचे लिखे वाक्यों में सही जगह पर 'ही' लगाकर बोलो-

(क) सुधा सुबह तक पढ़ती रही।

(ख) यह पंखा हमेशा आवाज़ करता रहता है।

(ग) गारो लोगों का खानाबदोश जीवन कई सालों तक चलता रहा।

(घ) सुशील थककर सो गया।

(ङ) दो घंटे बाद बस चल पड़ी।

Answer:

(क) सुधा सुबह तक पढ़ती ही रही।

aglasem.com

(ख) यह पंखा हमेशा आवाज़ करता ही रहता है।

(ग) गारो लोगों का खानाबदोश जीवन कई सालों तक चलता ही रहा।

(घ) सुशील थककर सो ही गया।

(ङ) दो घंटे बाद बस चल ही पड़ी।

Page : 33, Block Name : बार-बार बोलो

Q6.सही-सही

नीचे लिखे शब्दों में सही अक्षर भरो-

स, श, ष

वि...य	साह…..	आक……..क	पुरु……	शे…..	
वि……	वि…...म	…….त्रु	…….टकोण	व….	व…..
…..मुद्र	….हज				

Answer:

- विषय
- साहस
- आकर्षक
- पुरुष
- शेष
- विष
- विषम
- शत्रु
- षटकोण
- वर्षा

aglasem.com

- वर्ष
- समुद्र
- सहज

Page : 33, Block Name : सही-सही

Q7.इन शब्दों की रचना देखो

सामाजिक, पारंपारिक, ये शब्द इक (तद्धित) प्रत्यय लगाकर बनाए गए हैं। इसी प्रकार इक प्रत्यय लगाकर पाँच शब्द बनाओ।

Answer:

(1) साप्ताहिक

(2) व्यापारिक

(3) दार्शनिक

(4) वैवाहिक

(5) व्यवहारिक

Page : 33, Block Name : इन शब्दों की रचना देखो

aglasem.com